प्रदेश में उद्यमिता बढ़ा रहा है ईडीआईआई

भोपाल। ईडीआईआई यानी भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान प्रदेश में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने में अपना सहयोग प्रदान कर रहा है। यह दावा है महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ल का। राजधानी प्रवास के दौरान व मीडिया से मुखातिब हुए थे। यहां उन्होंने कहा कि प्रदेश में आरएलएम के साथ काम करते हुए यह संस्थान आवंटित चार ब्लॉकों में 7,500 से अधिक आजीविका उद्यमों को बढ़ावा दिया है। जिनमें आदिवासी और महिला उदमियों की बहुलता है। इसके साथ ही यह ग्रामीण उद्यमिता के विकास के लिए एसबीईपी परियोजना के तहत डिंडोरी, बड़वानी, श्योपुर, शहडोल, सीधी, मंडला, बालाघाट, अलीराजपुर और झाबुआ जिलों में स्टार्ट अप विलेज कार्यक्रम लागू कर रहा है।